18072023-Gur-08_27DT02A.qxd 7/17/2023 10:41 PM Page 1

पॉलीथीन के चालान काटने का विरोध

निगम आयुक्त से मिलने पहुंचे दुकानदार, शिकायत दर्ज कराने के लिये 2 घंटे करना पड़ा इंतज़ार

सोनीपत, 17 जुलाई (हप्र)

नगर निगम द्वारा सिंगल यूज़ प्लॉस्टिक को लेकर किए जा रहे चालान और माल जब्त किए जाने का विरोध करते हुए दुकानदार जिला व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय सिंगला की अगुवाई में आयुक्त विश्राम कुमार मीणा से मिले। दुकानदारों ने कर्मचारियों पर चालान करने के दौरान दुर्व्यवहार करने का आरोप भी लगाया। दुकानदारों ने निगम आयुक्त से दुकानदारों को परेशान नहीं करने की मांग की।

इसके अलावा व्यापार मंडल में पानी निकासी, सड़कों के गड्ढे भरने, प्रापर्टी टैक्स बिलों की त्रुटियों को ठीक कराने की मांग की। बता दें कि सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग पर रोक लगाई हुई है। गत शुक्रवार को नगर निगम की टीम में शहर में कार्रवाई करते हुए 7 दुकानदारों के चालान किए थे। कई दुकानों में सिंगल यूज प्लास्टिक से सामान भी जब्त किया था।

सोनीपत नगर निगम आयुक्त से मिलने के लिए उनके कार्यालय के बाहर इंतजार करते शहर के दुकानदार।-हप्र

निगम कार्यालय पहुंचे व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय सिंगला ने कहा कि पॉलीथिन के चालान के नाम पर दुकानदारों को परेशान किया जा रहा है। उनके गल्लों तक की जांच की जाती है।

सरकार द्वारा पॉलीथिन तैयार करने वाली यूनिट पर कार्रवाई नहीं करती। जबकि छोटे दुकानदारों के 25 हजार रुपये तक के चालान काट दिए जाते हैं। यदि इसी तरह से मोटा जुर्माना लगाते रहे तो दुकानदारों को अपनी दुकानें बंद करने को मजबूर होना पड़ेगा।

इस अवसर पर विरोध दर्दज कराने वालों में पार्षद अतुल जैन, उपप्रधान सुशील स्याल, राकेश चोपड़ा, कोषाध्यक्ष रविंद्र सरोहा, सरदार मोहन सिंह मनोचा, अशोक खत्री, राजबीर सैनी, शशिकांत भारद्वाज, अनुज जैन, रोहित आदि उपस्थित रहे।

पार्षद के साथ दुकानदार धरने पर बैठे

दुकानदार सुबह करीब 10:30 बजे ही निगम कार्यालय में पहुंच गए थे। दुकानदारों ने निगम आयुक्त से मिलने का मैसेज आयुक्त कार्यालय में दिया। काफी देर तक इंतजार करने के बाद भी उन्हें नहीं बुलाया तो पार्षद अतुल जैन के साथ दुकानदार कार्यालय के बाहर ही धरने पर बैठ गए। करीब 1:45 घंटे इंतजार के बाद आयुक्त ने उन्हें बुलाया। आयुक्त ने दुकानदारों को जागरूकता अभियान चलाने का आश्वासन दिया। साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग रोकने में सहयोग करने की अपील की।

रेवाड़ी में डीटीपी दस्ते ने अवैध निर्माणों को ढहाया

सोमवार को रेवाड़ी के गांव हुसैनपुर स्थित रेवाड़ी से नारनौल रोड़ पर वर्जित हरित पट्टी पर बने हुए अवैध निर्माणों को ढहाते हुए जेसीबी।- हप्र

रेवाड़ी, 17 जुलाई (हप्र)

जिला नगर योजनाकार द्वारा सोमवार को जिला के गांव हुसैनपुर स्थित रेवाड़ी से नारनौल रोड़ पर वर्जित हरित पट्टी पर बने हुए अवैध निर्माणों पर तोडफ़ोड़ की कार्यवाही अमल में लाई गई। यह कार्रवाई जिला प्रशासन की तरफ से नियुक्त डयूटी मजिस्ट्रेट की देखरेख में हुई। इस दौरान पुलिस बल भी मौजूद थे। जिला नगर योजनाकार मंदीप सिंह सिहाग ने इसके अतिरिक्त नियमों की उल्लंघना करने वालो के विरूद्ध नियम अनुसार आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी तथा जिला प्रशासन के सहयोग से अवैध निर्माणों पर तोडफ़ोड़ की कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने आम जन से अनुरोध किया है कि नियन्त्रित क्षेत्र/ शहरी क्षेत्र में कोई भी अवैध निर्माण न करे तथा प्लाट खरीदने से पहले इस कार्यालय से उस कालोनी की वैधता बारे सुनिश्चित करें।

मुख्यमंत्री ने गोहाना में रखी जाट भवन की नींव

डिजिटल पुस्तकालय के लिए 21 लाख की घोषणा

सोनीपत के गोहाना में जाट भवन के भूमि पूजन पर नींव की ईंट रखते मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर।-हप्र

सोनीपत, 17 जुलाई (हप्र)

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गोहाना में जाट भवन के लिए सेक्टर-7 में भूमि देने के उपरांत सोमवार को भूमि पूजन करते हुए विधिवत रूप से इसकी आधारशिला रखी। साथ ही उन्होंने भवन में डिजिटल पुस्तकालय के निर्माण के लिए 21 लाख रूपये की अनुदान राशि देने की घोषणा भी की।

आधारशिला के उपरांत आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जाट समाज अग्रणी समाज है जो कृषि के साथ सेना में पर्याप्त संख्या तथा खेलों में देश प्रदेश का नाम विश्व स्तर पर रोशन कर रहा है। उन्होंने कहा कि परिवार के नाते व्यक्ति अपने लिए घर की व्यवस्था कर लेता है, किंतु सामाजिक तौर पर सामूहिक कार्यक्रमों के लिए इस प्रकार के भवन की आवश्यकता होती है। सरकार हर समाज को व्यवस्थानुसार जमीन देती है। अन्य समाजों ने भी भूमि के लिए आवेदन किया है जिन्हें जल्द ही जमीन आवंटित की जाएगी। यह भवन अकेले किसी एक समाज का नहीं बल्कि यह सबके काम आएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2014 में उन्होंने हरियाणा एक हरियाणवी एक का नारा दिया था और आज भी हम इसे बल प्रदान कर रहे हैं। जातिगत राजनीति में बांटने वाला प्रदेश का भला नहीं कर सकता। हमने छह एस (शिक्षा, स्वाभिमान, स्वास्थ्य, सुरक्षा, स्वावलंबन व सुशासन) को प्रदेश में बढ़ावा दिया है। साथ ही तीन-सी पर करारी चोट की है। यह तीन-सी से प्रदेश का नुकसान ही हुआ है, जिसे हमने खत्म करने का काम किया है। इसका सुखद परिणाम मिला है कि आज हरियाणा उद्योगपतियों की पहली पसंद बन गया है। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड ने भवन की आधारशिला रखने की बधाई देते हुए मुख्यमंत्री का विशेष आभार जताया।

PUBLIC NOTICE

Subject : Transfer of ownership in respect of House No.1180, Sector-15 Part-II, Gurugram, consequent upon the death of Allottee Sh.Vikas Yadav.

Late Sh. Vikas Yadav S/o Sh. Hari Kishan Yadav who was the allottee of the subject above cited property as per record died on 26.06.2016. That the legal heirs of late Sh. Vilas Yadav file civil suit No. 11255 of 2018 for transfer the said property in their favour and same has been decided on 22.10.2018 in favour of the plaintiff.

Now, Smt. Savita Yadav W/o Late Sh. Vikas Yadav, Muskan Yadav Minor D/o Late Sh Vikas Yadav and Aayush Yadav Minor S/o Late Sh Vikas Yadav all R/o H.No.1180, Sector-15 Part-2 Gurugram, intends to apply for the transfer of the said property in their favour being the legal heirs through Court Decree and has requested for re-allotment in the name of Savita Yadav, Muskan Yadav and Aayush Yadav.

If any person has any objection against the transfer of above property, he/she can submit objections in writing to the Estate Officer-I,HSVP, Sector-14, Gurugram, Haryana, along with supporting documents within 30 days from the date of publication of this notice, otherwise the Estate Officer may accord permission to transfer/ re-allotment of the said property as per HSVP policy and may not entertain subsequent claim, if any.

Legal heirs : Savita Yadav, Muskan Yadav, Aayush Yadav
On behalf of Estate Officer-I, HSVP, Sector-14, Gurugram

PUBLIC NOTICE

Subject: Transfer of ownership in respect of Plot No.46,Sector- 49, Urban Estate, Gurugram, Haryana in respect of consequent upon the intestate death of the allottee Sh. Yad Ram.Late Sh. Yad Ram S/o Late Sh. Phool Singh who was the allottee of the subject cited property, as per record, has died on 27.05.2023 and he has left registered will no. 270 dated 25.03.2022, Registered at Sub Registrar Badshahpur, Gurugram,in favour of 1. Sh. Bir Singh (Son) 2. Vijay Kumar (Son) 3. Smt. Mahesh Devi (Daughter In Law)

Now.Sh.Bir Singh S/o Late Sh Yad Ram, Sh. Vijay Kumar S/o Late Sh. Yad Ram and Mahesh Devi W/o Late Sh. Sunil Kumar S/o Late Sh. Yad Ram all R/o Village Darbaripur District Gurugram to apply for the transfer of the said property in their favour being the legal heir through registered will and request for re-allotment in the name of Sh. Bir Singh, Sh. Vijay Kumar, Smt. Mahesh Devi. If any person is having any objection against the transfer of ibid/plot/house, he/she can submit objections in writing to the Estate Officer-II, HSVP,Sector-34, Gurugram, along with supporting documents within 30 days from the date of publication of this notice, otherwise the Estate Officer may accord permission to transfer/re-allotment of the said properly as per HSPV policy and may not entertain subsequent claim, if any.

Legal Heir : Sh. Bir Singh, Sh. Vijay Kumar, Smt. Mahesh Devi
Onbehalf of Estate Officer-II, HSVP, Sector-34,Gurugram

नांगल काठा से निहालोठ तक की सड़क का शिलान्यास

3 किमी लंबी सड़क पर खर्च होंगे 139 लाख

नांगल काठा में सड़क मार्ग का शिलान्यास करते सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओम प्रकाश यादव। - निस

नारनौल, 17 जुलाई (निस)

प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओमप्रकाश यादव ने आज जिला के गांव नांगल काठा से निहालोठ (राजस्थान) बॉर्डर तक बनाने वाले 3 किलोमीटर लंबे संपर्क सड़क का शिलान्यास किया। हरियाणा राज्य कृषि विपणन मंडल की ओर से बनाई जाने वाली इस सड़क पर लगभग 139 लाख रुपए खर्च होंगे। यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा सरकार प्रदेश में ढांचागत सुविधाएं बढ़ाने का काम रही है। हरियाणा सरकार का मकसद है कि यहां के किसान समृद्ध हों इसी उद्देश्य से संपर्क मार्गों का निर्माण किया जा रहा है। इन सड़क मार्गो से किसान अपनी उपज को आसान तरीके से मंडियों तक पहुंचा सकेगा। इसके अलावा यह सड़क मार्ग दो प्रदेशों के नागरिकों के आवागमन के लिए बहुत ही अहम है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के अथक प्रयासों से केंद्र सरकार ने भी हरियाणा की कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं को तत्परता से पूरा करने का काम किया है। पूरे हरियाणा में राष्ट्रीय राजमार्गों का जाल बिछाया है। भारतमाला परियोजना के तहत भी प्रदेश में कई नए हाईवे का काम प्रगति पर है। बेहतर सड़कें होने से न केवल लोगों को आवागमन की सुविधा मिलेगी बल्कि औद्योगिक विकास के साथ-साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती लेगी।

पूर्व सरकारें अयोग्य को बेचती थीं योग्य व्यक्ति का अधिकार : डॉ. बनवारी लाल

सोमवार को रेवाड़ी के एक गांव में आयोजित समारोह में मंत्री डा. बनवारी लाल का स्वागत करते ग्रामीण। -हप्र

रेवाड़ी, 17 जुलाई (हप्र)

सहकारिता मंत्री डॉ. बनवारी लाल ने सोमवार को गांव अहरोद व शाहबाजपुर इस्तमुरार में विभिन्न विकास कार्यों का उद्घघाटन किया। जिनमें गांव अहरोद में 5.50 करोड़ की लागत से नवनिर्मित बूस्टिंग स्टेशन व क्लोरीनेशन प्लांट, बस क्यू शेल्टर व गांव शहबाजपुर इस्तमुरार में 40 लाख की लागत से बूस्टिंग स्टेशन का उद्घघाटन शामिल रहे। उन्होंने दोनों गांवों के विकास हेतु 30 लाख रुपयों के अनुदान की घोषणा की।

मंत्री ने जनसभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र व प्रदेश में भाजपा की सरकार आने के बाद सरकारी कामकाज की शैली में सराहनीय परिवर्तन आया है। उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकारों में योग्य व्यक्तियों के अधिकारों को अयोग्य व्यक्तियों के हाथों में बेच दिया जाता था। जिससे जनता का सरकारी कार्यप्रणाली से विश्वास भंग हो गया था। किंतु भाजपा सरकार की सेवा सुशासन व गरीब कल्याण की नीतियों से यह स्थिति पूरी तरह बदल गई है, अब केवल योग्यता का ही मूल्य है। सरकारी रोजगार मेहनत व कौशल के बलबूते मिलते हैं। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार व प्रदेश की मनोहर सरकार में विकास कार्य वाक्यों में न रह कर धरातल स्तर पर हुए है।

खबर है...

शिविर में 59 ने किया रक्तदान

रोहतक (हप्र): महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की यूथ रेड क्रॉस समिति द्वारा कुलपति प्रो. राजबीर सिंह के जन्मदिन के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। फैकल्टी डेवलपमेंट सेंटर परिसर में आयोजित इस रक्तदान शिविर में 59 यूनिट रक्त एकत्र किया गया।कुलसचिव प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने बतौर मुख्यातिथि इस रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। प्रो. गुलशन तनेजा ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर प्रोत्साहित किया और उनका हौसला बढ़ाया। उन्होंने इस अवसर पर जीवन में रक्तदान की महत्ता को रेखांकित किया। प्रो. तनेजा ने कहा कि रक्तदान जीवनदान है, जो जरूरतमंद को नया जीवन देता है। उन्होंने उपस्थित जन से रक्तदान करने तथा समाज में रक्तदान बारे जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। यूथ रेड क्रॉस की प्रोग्राम कोआर्डिनेटर डॉ. आशा शर्मा ने इस रक्तदान शिविर का संचालन एवं समन्वयन किया। वाईआरसी प्रोग्राम काउंसलर्स डॉ. कपिल, डॉ. धीरज तथा फील्ड कोआर्डिनेटर एमसी धीमान ने आयोजन सहयोग दिया। इस अवसर पर एफडीसी की उप निदेशिका डॉ. माधुरी हुड्डा, जिला रेड क्रॉस समिति सचिव देवेन्द्र चहल समेत विद्यार्थीगण उपस्थित रहे। पीजीआईएमएस, रोहतक ब्लड बैंक से मेडिकल ऑफिसर अजय कुमार, स्टाफ सदस्य-बबीता, बिरमती, आशु, हिमांशी, रिंकी, अंजलि की टीम ने आयोजन सहयोग दिया।

नहीं मिला 14 वर्षीय लापता बालक का सुराग

सफीदों (निस): सफीदों के गांव खेड़ारवेमावती के ओमप्रकाश के 14 वर्षीय लापता बेटे रोहित का कोई पता-ठिकाना अभी पता नहीं चला है। पांच दिन तक लापता बालक की मां सीमा ने उसे आसपास के इलाकों व रिश्तेदारियों में तलाश करने के बाद बीती रात उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। उसने बताया कि 12 जुलाई को वह स्कूल से आया तब घर में और कोई नहीं था। जब वह सांयकाल में काम से घर लौटी तो रोहित घर मे नहीं था और पड़ोसियों ने बताया कि वह स्कूल बैग में कुछ कपड़े डालकर गली से जाता दिखाई दिया था। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

हकेवि में बीए, बीएड में पंजीकरण का अंतिम दिन कल

महेंद्रगढ़ (निस): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के शिक्षक शिक्षा विभाग में उपलब्ध चार वर्षीय इंटीग्रेटेड बीए बी.एड पाठ्यक्रम में पंजीकरण का बुधवार को अंतिम दिन है। विश्वविद्यालय इस पाठ्यक्रम में दाखिले राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित की जा रहे नेशनल कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (एनसीईटी) -2023 के आधार पर करेगा, जिसके लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया जारी है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.टंकेश्वर कुमार ने कहा कि शिक्षण के क्षेत्र में भविष्य तलाश रहे युवाओं के लिए चार वर्षीय इंटीग्रेटिड बीए बीएड पाठ्यक्रम एक बेहतरीन विकल्प है। शिक्षक शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. सारिका शर्मा ने बताया कि बीए बीएड पाठ्यक्रम के अतंर्गत आगामी शैक्षणिक सत्र 2023-24 में कुल 50 सीटें उपलब्ध है जिसमें दाखिल के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता बारहवीं पास निर्धारित है। आवेदन जोकि शिक्षण के क्षेत्र में रूचि रखते हैं और इसमें आगे बढ़ने के इच्छुक है वो इस पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए बुधवार 19 जुलाई 2023 तक आवेदन कर सकते हैं। एनटीए की ओर से एनसीईटी -2023 की परीक्षा के लिए शुरू ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 19 जुलाई तक चलेगी।

मुआवजे को लेकर किसानों ने किया प्रदर्शन

चरखी दादरी के गांव रामबास में सोमवार को मुआवजा की मांग को लेकर सीएम का पुतला दहन करते धरनारत किसान।-निस

चरखी दादरी (निस) : हाईटेंशन बिजली टावरों के समान मुआवजे की मांग को लेकर गांव रामबास में धरना दे रहे किसानों ने रोष जताया और रोड जाम करते हुए सीएम का पुतला दहन किया। साथ ही चेतावनी दी कि जल्द ही किसान महापंचायत बुलाकर किसान संगठनों के साथ बड़े निर्णयक आंदोलन का आगाज किया जाएगा। बता दें कि हाईटेंशन बिजली टावरों के समान मुआवजे की मांग को लेकर किसान गांव रामबास व बडराई में पिछले 65 दिनों से धरना दे रहे हैं। उनके धरने पर बाढ़ड़ा विधायक नैना चौटाला, एसडीएम विरेंद्र सिंह सहित कई पार्टियों के नेताओं ने भी समर्थन देते हुए मुआवजा की मांग की जा चुकी है। बावजूद इसके समाधान नहीं होने पर सोमवार को गुस्साएं किसानों ने विरेंद्र पहलवान बडराई की अगुवाई में सड़क पर उतकर जमकर कंपनी व सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और किसानों के साथ भेदभाव करने के आरोप लगाते हुए सीएम का पुतला दहन किया।

सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह ने की अधिकारियों के साथ बैठक

नारनौल, 17 जुलाई (निस)

भिवानी-महेंद्रगढ़ के सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं से दक्षिणी हरियाणा में जल प्रबंधन की दिशा में बेहतरीन कार्य हो रहे हैं। एक तरफ जहां बारिश के पानी को नहरों में डाला जा रहा है वहीं जिला के कुछ गांवों में जोहड़ों के ओवरफ्लो होने की समस्या भी उभर कर सामने आई है। इस समस्या का भी अधिकारी स्थाई समाधान निकालें। सांसद आज गत दिवस हुए जनसंवाद कार्यक्रमों के दौरान आए विभिन्न विषयों को लेकर लघु सचिवालय में अधिकारियों की बैठक में बोल रहे थे। इस मौके पर अटेली के विधायक सीताराम यादव भी मौजूद थे। सिंह ने कहा कि जिन गांव में लगातार जोहड़ ओवरफ्लो हो रहे हैं वहां पर स्थाई तौर पर बिजली का पंप लगाकर पानी निकाला जाए। सांसद ने कहा कि जिला के ऐसे जोहडों की सूची बनाई जाए जहां साल भर पानी ओवरफ्लो होने की समस्या रहती है।

सरकार के निर्देशानुसार इसके लिए पंचायत की ओर से बिजली का बिल भरा जाएगा जबकि बिजली निगम बिना किसी लागत के कनेक्शन उपलब्ध करवाएगा।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन गांवों में नए जोहड़ बनाए जाने हैं वहां पर मनरेगा के तहत कार्य किया जाए ताकि लोगों को स्थानीय स्तर पर रोजगार भी उपलब्ध हो। सांसद ने आम नागरिकों की शिकायतें सुनीं। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा आयुर्वेद डिस्पेंसरी की मांग पर उन्होंने बताया कि जिन गांव में पीएचसी है उन गांव में सरकार एक आयुर्वेदिक मेडिकल ऑफिसर बैठाने की व्यवस्था कर रही है। यह सरकार का बहुत अच्छा फैसला है। इस दौरान उपायुक्त मोनिका गुप्ता, अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह, जिला परिषद के चेयरपर्सन डॉ राकेश कुमार के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे।

जेसी बोस विश्वविद्यालय में राज्यपाल ने किया दो परियोजनाओं का लोकार्पण

फरीदाबाद के जेसी बोस विश्वविद्यालय में श्री कृष्णा भवन जलपान गृह एवं छात्र गतिविधि केन्द्र का लोकार्पण करते राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय।-शिव कुमार

फरीदाबाद, 17 जुलाई (हप्र)

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रभावी क्रियान्वयन को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यह नीति विद्यार्थियों के कौशल प्रशिक्षण एवं रोजगार पाने की संभावनाओं को बढ़ावा देती है। इसलिए हरियाणा के शिक्षण संस्थानों को इसके प्रभावी क्रियान्वयन पर ध्यान देना होगा।

राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय आज जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय वाईएमसीएए फरीदाबाद में लगभग 30 करोड़ रुपये की दो छात्र.केन्द्रित परियोजनाओं का लोकार्पण कर रहे थे। समारोह में उच्च शिक्षा मंत्री मूलचंद शर्मा मुख्य अतिथि तथा अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद मोहन शरण ने विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। राज्यपाल ने कहा कि जेसी बोस विश्वविद्यालय प्रदेश का प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान है और विश्वविद्यालय में नई परियोजनाएं विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा को सुविधाजनक बनायेंगी। उन्होंने प्रसन्नता जताई कि विश्वविद्यालय अनुसंधान, इनोवेशन और उद्यमशीलता को बढ़ावा दे रहा है। जिन दो नयी परियोजनाओं का लोकार्पण किया गया उनमें से एक बहुमंजिला बालिका छात्रावास है, जिसका नाम भारत की पहली महिला इंजीनियर ए. ललिता के नाम पर रखा गया है। इस बहुमंजिला भवन में 83 कमरें है, जिसमें छात्राओं के लिए आवासीय सुविधाओं के साथ-साथ चीफ हॉस्टल वार्डन कार्यालय, विजिटर रूम तथा अन्य जरूरी व्यवस्थाओं का प्रावधान किया गया है। दूसरी परियोजना जलपान गृह एवं छात्र गतिविधि केन्द्र है, जिसका नाम भगवान श्री कृष्णा के नाम पर रखा गया है। इस बहुमंजिला भवन में कैंटीन, छात्रों के लिए मैस, छात्र क्लबों के लिए व्यवस्था के साथ-साथ छात्र पंजीकरण, छात्रवृत्ति एवं छात्रों से जुड़ी अन्य कल्याणकारी योजनाओं को एक छत के नीचे लाया गया है। समारोह के मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री मूलचंद शर्मा तथा अतिरिक्त मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा आनंद मोहन शरण ने विश्वविद्यालय द्वारा एनईपी.2020 के प्रावधानों के अनुरूप शुरू किये गये माइनर डिग्री पाठ्यक्रमों की सूचना पुस्तिका का विमोचन भी किया। समारोह के अंत में कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग ने धन्यवाद प्रस्ताव ज्ञापित किया।

समारोह को विधायक नरेन्द्र गुप्ता, विधायक सीमा त्रिखा, विधायक राजेश नागर ने भी संबोधित किया। समारोह में गुरूग्राम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार, श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति राज नेहरू भी उपस्थित थे।

OXFORD COLLEGE OF EDUCATION
(Approved by NCTE, Govt. of India, Affiliated to M.D. University, Rohtak)
Khera-Khurampur, Gurugram(Hr.)-122506

Applications are invited for the following posts on Regular Basis under Self-Finance Scheme

Teaching Staff B.Ed.

Principal-01
Asst. Prof. in Perspective in Education-04, Asst. Prof. in Pedagogy Subjects: Hindi-01, English-01, Sanskrit-01, Urdu-01, Mathematics-01, Home Science-01, Biological Science-01, Economics-01, Physical Science-01, Social Science-01, Commerce-01, Computer Science-01, Health and Physical Education-01, Fine Arts-01, Performing Arts (Music/ Dance/ Theatre)-01

Teaching Staff M.Ed.

Professor-02, Associate Prof.-02, Assistant Prof.-06

Non-Teaching Staff

Librarian-01, Laboratory Assistant-01, Office Assistant cum Accountant-01, Technical Assistant-02, Laboratory Attendant-01, Administrative Officer-01, Library Attendant-01, Clerk cum Typist-01, Store Keeper-01, Peon-01

Qualifications, Pay Scale and Experience as per norms of UGC/NCTE/State Govt./MDU, Rohtak. Application form is available on website of college www.oxfordg.com. Interested candidates may download or obtain it from the college on any working day and apply along with visible copy of all testimonial and experience certificate etc. within 21 days from the date of this advertisement i.e. till 06/08/2023 to the President of the college through Regd. Post/ By hand and one copy be sent to The Dean, College Development Council, MD University, Rohtak.

President

Mob: 8222001929
9968059890
Email:oxfordcollege3047@gmail.com
Website: oxfordg.com

PUBLIC NOTICE

Whereas, M/s Vijaylaxmi Infrabuild Pvt. Ltd. is in the process to Undertake the Development of a Affordable Plotted Colony Under Deen Dayal Jan Awas Yojna over an area measuring 5.218 acres in sector-22 D , Rohtak in accordance with the provision of License no-144 of 2023 dated 11/07/2023 granted by the Director , Town & country Planning , Haryana Chandigarh.

The said advertisement given for the purpose of compliance of rule 24 of Haryana Development and Regulation of Urban Areas act, 1975 and the Rule 1976 for sale of plot.

Director

DPG DEGREE COLLEGE
Near Hero Honda Chowk, Behind Marble Market, Sector 34, Gurugram-122004 (Haryana)
Affiliated to MD University, Rohtak

Requires applications for the following positions on regular basis:

Principal	1 (ONE)		
Subject	Assistant Professor	Subject	Assistant Professor
Computer Science/Application	18	Physics	3
Management	18	Chemistry	5
Commerce	8	Zoology	5
Mathematics	4	Socioligy	1
English	4	Hindi	2
Political Science	2	Library & Information Science	1
History	1		

Age Relaxation, Qualifications & Pay Scales are as per AICTE/UGC/ M.D.U./ and Govt. Of Haryana Rules and Regulations.

Application Form is avaialalbe at College website i.e. www.dpgdegreecollege.com. Candidates may download the "**APPLICATION FORM**" from the college website or may obtain from the office of the college on any working day. The cnadidates may send two sets of **Application Form** and supporting documents. One copy of the set of **Application Form** complete in all respect alongwith all supporting doucments including educational qualifications and recent passport size photograph may be submitted in the office of the President, DPG Degree College, Gurugram and the other copy may be sent to the DC.D.C., M.D.U. Rohtak within 21 days of the publication of advertisment by registered post or by hand.

E-mail Id-dpgdegree college@gmail.com and Websie:- www.dpgdegreecollege.com

President
(Governing Body)

Tel: 9212219832

Royal Institute of Science & Mgmt.
Sec-95, Wazirpur (Gurgaon)
9811934270, 9910431750
royal.wazirpur@gmail.com

INVITES APPLICATION FOR REGULAR POSITION OF TEACHING STAFF FOR B.ED. COURSE AS GIVEN BELOW*

- Assistant Prof. Maths-1
- Science -1 • Commerce -1
- Sanskrit -1 • S.St. -1

Candidates must Qualified with 55% Marks in B.Ed., M.Ed. /M.A. (Edu), P.G. in Subject & NET/Ph.D. in Edu.

President Governing Body

जन सूचना

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि यू.पी.एच.सी. ऐत्मादपुर के अंतर्गत राजीव कालोनी+इन्द्रप्रस्थ कालोनी तथा अनंगपुरडेरी में शहरी उपस्वास्थ्य केंद्र बनाने के लिए भवन किराये पर लिए जाना है। भवन में शौचालय सहित करीब 5 कमरे बने हों। जो भी व्यक्ति अपना भवन स्वास्थ्य विभाग को किराये पर देना चाहता है वह सिविल सर्जन, फरीदाबाद के कार्यालय में 10 दिनों के अंदर इस बारे अपना सहमति पत्र, भवन के विस्तृत ब्योरे सहित जमा करवाए ताकि कमेटी द्वारा भवन का निरीक्षण करके किराया तय किया जा सके।

सिविल सर्जन,
फरीदाबाद।

PRDH/1058/11/602/2024/19434/11/6